मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–9, अंक–4 जून, 2009

किसी भी तरह के व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाईन – 1800 1800 545

## आईटी-बीएचयू ने श्री सतीश अग्रवाल को "लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया

आईटी–बीएचयू एलुमनाइ संघ ने अपना वार्षिक अधिवेशन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 23 मई को नई दिल्ली के सुब्रोतो पार्क स्थित एयरफोर्स ऑडिटोरियम में आयोजित किया। इस अवसर पर जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के डॉ. काज़ी ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभायी। समारोह में हिस्सा लेने वाले अन्य गणमान्य अतिथियों में बीएचयू के डायरेक्टर प्रो. एस.एल. उपाध्याय एवं बीएचयू एलुमनाइ संघ के प्रेसिडेंट प्रो. बी. बी. धर और सचीव श्री राजीव गुप्ता भी शामिल थे।

इस महत्वपूर्ण मौके पर आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में संघ ने आईटी–बीएचयू से पढ़कर निकले उन एलुमनाई (भूतपूर्व छात्रों) को सम्मानित किया, जिन्होंने प्रबंधन एवं उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल भी आईटी–बीएचयू के एलुमनाई रहे एवं उन्होंने अपने पूरे कॅरियर में प्रबंधन एवं उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, जिसके लिए उन्हें "लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड" देकर सम्मानित किया गया। श्री अग्रवाल 1970 में आई–टी बीएचयू से मैकानिकल्स में गोल्ड मेडलिस्ट रहे थे।




आईटी–बीएचयू के पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान अपनी पत्नी के साथ कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, साथ में डॉ. काज़ी (वीसी–जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी), प्रो. एस एल. उपाध्याय (डायरेक्टर–बीएचयू), प्रो. बी. बी. धर (प्रेसिडेंट–बीएचयू एलुमनाई संघ), श्री राजीव गुप्ता (सचीव) एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण।

उक्त सम्मान के मिलने पर प्रफुल्लित श्री सतीश अग्रवाल ने कहा "इस समारोह में यह पुरस्कार मिलना मेरे लिए बड़े गर्व और सम्मान की बात है। बीएचयू एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान है और इसका एलुमनाइ संघ बीएचयू की साख एवं उत्कृष्टता के अनुरूप कार्य कर रहा है।"

श्री सतीश अग्रवाल वह व्यक्ति हैं जिन्होंने अपनी दूरदर्शिता एवं अदभुत प्रबंधकीय क्षमता से कामधेनु इस्पात लिमिटेड को एक छोटी सी इकाई से उठाकर बुनियादी एवं आधारभूत क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बना दिया। 1995 में जब कंपनी की नींव रखी गयी थी, उस वक्त इसकी शुरूआत केवल एक स्टील उत्पादक इकाई के साथ हुई थी। तकरीबन डेढ़ दशक की छोटी सी अवधि में ही कामधेनु ने कामयाबी का ऐसा सफर तय किया जिसे देखकर किसी को भी ताज्जुब हो सकता है। आज कामधेनु ब्रांड के अंतर्गत रीइनफोर्समेंट स्टील बार (एचएसडी/टीएमटी), स्ट्रक्चरल स्टील (एंगल, बीम, चैनल एवं फ्लैट), बाइंडिंग वायर, सीमेंट (सुपर सीमेंट), प्लाइवुड, पीवीसी पाइप, पेंट (कलर ड्रीम्ज़) एव आवासीय परियोजना (कामधेनु होम्ज़) के साथ–साथ कई अन्य आनुषंगिक उत्पादों का शुमार होता है।

अलग–अलग प्रकार के व्यवसायों में अपने हाथ आजमाते हुए श्री सतीश अग्रवाल ने कामधेनु को उपभोक्ताओं का चहेता ब्रांड बना दिया। खासकर उनका योगदान कलर ड्रीम्ज को बाजार में लोकप्रियता दिलाने में झलकता है। यह कारनामा श्री अग्रवाल के प्रभावशाली व्यक्तित्व की वजह से ही संभव हो पाया। श्री अग्रवाल के दूरदर्शी नेतृत्व ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड को देश के बुनियादी एवं आधारभूत क्षेत्र की अग्रणी कंपनी होने का गौरव दिलाया।

श्री अग्रवाल का सपना था कामधेनु इस्पात लिमिटेड को एक ऐसी कंपनी बनाना जहाँ बुनियादी एवं आधारभूत क्षेत्र में इस्तेमाल होनेवाली सभी सामग्रियों को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना। अपने इस लक्ष्य का हासिल करने के लिए श्री अग्रवाल ने एक विशेष "फ्रेंचाइजी एसोसिएशन मॉडल" तैयार किया। शुरूआती दौर में इस रणनीति की काफी आलोचना की गयी। लेकिन गुजरते वक्त के साथ कंपनी की कामयाबी का सफर निरंतर जारी रहा। असंभव को संभव बनाते हुए आज कामधेनु की फ्रेंचाइजी शाखाओं की तादाद 50 के पार जा पहुँची है। देश भर में फैले कंपनी के 3500 से ज्यादा डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर आज कंपनी की सबसे बड़ी ताकत हैं।

# "समर शॉपिंग फेस्टीवल-2009" में रही कामधेनु की धूम





जब दस लाख से ज्यादा लोग किसी उत्सव का हिस्सा बनने के लिए एक जगह जमा हों, ऐसे में कामधेनु ब्रांड के उत्पादों की विस्तृत श्रृंख्ला को अपने उपभोक्ताओं के बीच प्रस्तुत करने का इससे बेहतर मौका भला और क्या हो सकता है। सूरत के विनिता विश्राम ग्राउंड में 8 मई से 17 मई तक ऐसा ही एक विशेष मेला लगा, जिसकी प्रमुख प्रायोजक कंपनी थी कामधेनु इस्पात लिमिटेड। "समर शॉपिंग फेस्टीवल–2009" में उमड़े विशाल जनसमूह के बीच कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपना एक विशेष स्टॉल लगाया, जिसमें कामधेनु ब्रांड टीएमटी को प्रमुखता के साथ पेश किया गया। साथ ही कंपनी के अन्य उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध करायी गयी। यह स्टॉल उपभोक्ताओं के साथ–साथ बिल्डरों, वास्तुकारों एवं राजमिस्त्रियों के लिए कामधेनु ब्रांड के उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल करने का स्त्रोत बना। मेले में आए लोगों ने भी कामधेनु के उत्पादों में खासी दिलचस्पी दिखाई।

"समर शॉपिंग फेस्टीवल–2009" में कामधेनु ब्रांड की उपस्थिति को कामयाबी का एक सुनहरा अवसर बनाने में कामधेनु की टीम ने कोई कोर–कसर नहीं छोड़ी। टीम के सदस्यों ने पूरी तन्मयता के साथ काम करते हुए लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कामधेनु इस्पात लिमिटेड की इस टीम में श्री चंदन गोस्वामी (सीनियर मैनेजर–ब्रांड प्रोमोशन), श्री विवेक त्यागी (सीनियर मैनेजर), श्री मयंक श्रीवास्तव (मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव), दक्षिणी गुजरात के कामधेनु के डिस्ट्रीब्यूटर श्री मनोज भाई शाह, राजन भाई एवं जिनेश भाई शामिल थे।

मेले में आए लोगों का ध्यान खींचने के लिए कंपनी ने एक डीजे नाइट का भी आयोजन किया, लोग बड़ी संख्या में कामधेनु के स्टाल पर आए और कामधेनु ब्रांड के उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। इस

# बजट पर टिकी इंडस्ट्री की नज़रें



दुनियाभर में छाई आर्थिक मंदी की चोट से आहत उद्योग जगत की नज़रें जुलाई के पहले हफ्ते में आनेवाले आम बजट पर टिक गयी हैं। हर कोई इस उम्मीद में बैठा है कि वित्त मंत्री कोई ऐसी घोषणा करें जिससे उद्योग जगत राहत की सांस ले सके। अप्रत्याशित जनाधार के साथ सत्ता में आयी यूपीए सरकार मतदाताओं को निराश भी नहीं करना चाहती है, लेकिन साथ ही साथ इसके सामने कई चुनौतियाँ भी हैं।

उद्योग जगत के जानकार बताते हैं कि बुनियादी एवं निर्माण क्षेत्र में नयी जान फूँकना वित्त मंत्री की प्राथमिकताओं में शुमार हो सकता है, क्योंकि यूपीए को यह जनाधार विकास कार्यों की वजह से ही मिला है। विकास की गाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए रियल एस्टेट एवं इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके लिए जहाँ एक ओर ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है वहीं होम लोन पर टैक्स छूट की सीमा को बढ़ाया जा सकता है।

रियल एस्टेट क्षेत्र की सेहत को सुधारने के लिए इसे इंफ्रास्ट्रक्टर क्षेत्र का दर्जा देने की सिफारिश की गयी है। अगर ऐसा होता है तो स्टील, सीमेंट, ऊर्जा, परिवहन, सड़क एवं भवन निर्माण जैसे रियल एस्टेट एवं इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े क्षेत्रों को बड़ी राहत मिल सकती है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार इस समय देश में 2.65 करोड़ मकानों की कमी है। इस कमी को दूर करने के लिए एजेंसियों एवं राज्य सरकारों को साथ मिलकर काम करना होगा।

आम आदमी के लिए किफायती दरों में आशियाने का इंतजाम करने की बात प्रधानमंत्री सहित कई बडे नेता अलग–अलग मंचों पर करते आए हैं। जिसपर अमल करना भी जरूरी है। रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनियाँ माँग और आपूर्ति का संतुलन बनाए रखने के लिए किफायती आशियाने बनाने में जुटी है। मगर इन्हें सरकार द्वारा दी जानेवाली संजीवनी की जरूरत है। अगर विकास की गाड़ी को सरकार का इंधन मिल गया तो ना केवल इंडस्ट्री का कायाकल्प हो सकता है बल्कि दुनियाभर की मंदी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था नयी मंजिलों का सफर तय करती चली जाएगी। इस

# लिंगे उद्योग समूह बना कामधेनु का हमसफर



समारोह को सम्बोधित करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के प्रेसिडेंट, श्री पंकज अग्रवाल ,श्री भास्कर चौधरी (जीएम–मार्केटिंग) के साथ–साथ लिंगे उद्योग समूह के निदेशक श्री शंकर राव लिंगे एवं श्री जयदीप लिंगे

अपने कारोबार की हर शाखा में निरंतर नए साथियों को जोड़ना कामधेनु इस्पात लिमिटेड की विशेष रणनीति रही है। हाल ही में कंपनी ने शोलापुर (महाराष्ट्र) के लिंगे उद्योग समूह की कंपनी जलधारा एग्रो प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड से हाथ मिलाया है। कंपनी की यह नयी फ्रेंचाइजी इकाई कामधेनु ब्रांड के पीवीसी पाइप बनाने का काम करेगी।

इस समझौते की घोषणा शोलापुर के होटल सिटी पार्क में आयोजित एक औपचारिक उद्‌घाटन समारोह के दौरान की गयी, जहाँ कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से श्री पंकज अग्रवाल (प्रेसिडेंट) एवं श्री भाष्कर चौधरी (जीएम–मार्केटिंग) के साथ–साथ लिंगे उद्योग समूह के निदेशक श्री शंकर राव लिंगे एवं श्री जयदीप लिंगे भी मौजूद थे। इस अवसर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री पंकज अग्रवाल ने कहा "कामधेनु पीवीसी पाइपों ने महाराष्ट्र के बाजार में खासी लोकप्रियता हासिल की है। प्रदेश में कामधेनु पीवीसी की मांग निरंतर बढ़ती जा रही है जिसे देखते हुए कंपनी ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक नए सहयोगी की तलाश की। जलधारा एग्रो प्लास्ट प्रा. लि., जो लिंगे उद्योग समूह की एक शाखा है, यह कामधेनु ब्रांड के रिजिड पीवीसी पाइप्स एवं फिटिंग के साथ–साथ कैसिंग पाइप, एसडब्ल्यूआर पाइप, एचडीपीई पाइप, एएसटीएम पाइपों एवं स्प्रिंकलर सिस्टम का भी उत्पादन करेगी।

इस इकाई की उत्पादन क्षमता 250 टन प्रतिमाह है, जो पूरे महाराष्ट्र की कामधेनु पीवीसी पाइपों की बढ़ी हुई माँग को पूरी करने के लिए पर्याप्त है। इस इकाई से उत्पादन शुरू होने के साथ ही प्रदेश में ना केवल कामधेनु पीवीसी पाइपों की बिक्री का प्रतिशत बढ़ेगा बल्कि इसका इसका व्यापक प्रसार भी संभव हो सकेगा।

उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले कामधेनु पीवीसी पाइपों के बारे में अपने विचार रखते हुए श्री भास्कर चौधरी ने कहा "कामधेनु पीवीसी पाइपों ने महाराष्ट्र के बाजार की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ना केवल अपनी अलग पहचान कायम की है बल्कि इसकी सुपीरियर क्वालिटी को उपभोक्ताओं ने भी काफी सराहा है। यही वजह है कि कामधेनु पीवीसी पाइप आज देशभर में लोकप्रिय ब्रांड बन चुका है।" इस

# मुजफ्फरपुर में हुआ राजमिस्त्री एवं डीलरों का सम्मेलन



राजमिस्त्री एवं डीलर को सम्बोधित करते हुए श्री अखिलेष सिंह

मुजफ्फरपुर के अखाड़ाघाट रोड स्थित होटल भोज में 24 मई की शाम को कामधेनु सरिया का राजमिस्त्री एवं डीलर सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री अखिलेश सिंह ने कामधेनु टीएमटी सरिया की विशिष्ट गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी। श्री सिंह ने कहा "कामधेनु टीएमटी सरिया पूरी तरह जंगरोधक एवं भूकंपरोधी क्षमता से युक्त है। विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले कामधेनु टीएमटी सरिया का उत्पादन देश भर में मौजूद कंपनी की 40 इकाईयों में किया जाता है। बिहार प्रदेश में कामधेनु टीएमटी सरिया की उत्पादन क्षमता 9000 मैट्रिक टन है। कामधेनु ब्रांड की विश्वसनीयता का आलम यह है कि देशभर के उपभोक्ता इसपर पूरा भरोसा करते हैं।"

श्री सिंह ने कहा कि भूकंप की संभावनाओं के हिसाब से बिहार प्रदेश काफी संवेदनशील माना जाता है। इसलिए यहाँ का हर उपभोक्ता यही चाहता है कि वह अपने निर्माण को इतना मजबूत और सुरक्षित बनाए कि यह प्राकृतिक आपदाओं से पूरी तरह सुरक्षित रहे। कामधेनु टीएमटी सरिया इस पैमाने पर बिलकुल फिट बैठता है और यही इसकी लोकप्रियता का राज भी है।

इस अवसर पर कंपनी के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव भी वहाँ मौजूद थे। आगंतुकों में श्री मुकुंद सहाय के अलावा माता ट्रेडिंग कंपनी के श्री आनंद प्रसाद, महादेवी स्टील के श्री गणेश कुमार, सुशील ट्रेडर्स के श्री सुशील कुमार, न्यू श्री हनुमान ट्रेडर्स के श्री रत्न कुमार, आर.एल. टेडर्स के श्री रंजीत तिवारी, हरिओम टेडर्स के श्री पारसनाथ सिंह, भवानी टेडर्स के श्री संजय कुमार, भगवती टेडर्स के श्री जयराम प्रसाद सहित लगभग 80 डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों ने हिस्सा लिया। डिस्ट्रीब्यूटर श्री महेश टिकमानी एवं वैभव टिकमानी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011



# कामधेनु ने किया सर्वश्रेष्ठ डीलरों का सम्मान



पुरस्कार वितरण समारोह में कामधेनु इस्पात लिमिटेड निदेशक श्री सुनील अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल, श्री राजीव शर्मा (सीनियर जीएम), श्री सुशील भारद्वाज (मार्केटिंग मैनेज़र–दिल्ली), के साथ सम्मानित डीलरगण

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 11 जून को अपने कॉरपोरेट ऑफिस में एक औपचारिक समारोह का आयोजन कर अपने उन डीलरों को सम्मानित किया, जिन्होंने अपनी मेहनत एवं लगन के साथ मई महीने के अंदर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दिखाया। मई माह के लिए कंपनी ने अपने डीलरों को एक निश्चित सेल्स टारगेट दे रखा था, जिसे इन डीलरों ने ना केवल पूरा कर दिखाया बल्कि इससे कहीं आगे निकल गए।



इस पुरस्कार वितरण समारोह में कामधेनु इस्पात लिमिटेड निदेशक श्री सुनील अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल, श्री राजीव शर्मा (सीनियर जीएम), श्री सुशील भारद्वाज (मार्केटिंग मैनेज़र–दिल्ली), श्री पंकज आजाद (सेल्स ऑफिसर) ने भी हिस्सा लिया।

इस अवसर पर दक्षिणी दिल्ली के प्रमुख डीलरों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जिनमें डिस्ट्रीब्यूटर श्री संजीव डांग (मेसर्स अनुपम स्टील), श्री विकास जांगिड़ (गीता ट्रेडिंग कंपनी), श्री मोहन गोगिया (मेसर्स गोगिया आयरन ट्रेडर्स), श्री गुलशन चावला (मेसर्स चावला स्टील्स), श्री भरत चुग (मेसर्स जनता स्टील), श्री शीश पाल (मेसर्स कृष्णा सैनिटरी एम्पोरियम) एवं श्री अशोक गुप्ता (मेसर्स केदारनाथ एंड कंपनी) शामिल थे।

डीलरों को "एक्सीलेंस परफॉरमेन्स अवार्ड" देकर सम्मानित करते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा "चुनौतियाँ किसी भी क्षेत्र में सामान्य से ज्यादा हासिल कर दिखाने की प्रेरणा देती हैं। जिन डीलर भाइयों को आज हम यहाँ देख रहे हैं, उन्होंने निश्चित रूप से एक सराहनीय काम कर दिखाया है। हम इनकी मेहनत और प्रतिबद्धता के कायल हैं। हमें पूरा विश्वास है कि जिन डीलरों ने यह सम्मान हासिल किया है वे आगे भी ऐसा ही प्रदर्शन कर दिखाएंगे। हम जानते हैं कि विजेता कभी पीछे मुड़कर नहीं देखता। हम कामधेनु इस्पात लिमिटेड के साथ–साथ अपने साथ जुड़े हर व्यक्ति को एक विजेता की तरह देखना चाहते हैं।"

इस अवसर पर श्री सचिन अग्रवाल ने विजेता डीलरों को बधाई देते हुए कहा "आप सभी डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर बंधु कामधेनु इस्पात लिमिटेड की सबसे बड़ी ताकत हैं। इसी ताकत के दम पर कंपनी निरंतर नए–नए क्षेत्रों में हाथ आजमाती रही है और इसमे कामयाबी भी हासिल की है। आज कामधेनु इस्पात लिमिटेड एक ऐसा नाम बन चुका है जिसके बिना निर्माण एवं बुनियादी क्षेत्र की कहानी अधूरी लगती है। देश का कोई भी कोना ऐसा नहीं है जहाँ कामधेनु की पहुँच ना हो। हमारा नेटवर्क निरंतर मजबूत होता जा रहा है और यह विशाल संयुक्त परिवार का रूप ले चुका है। ऐसे में इस संयुक्त परिवार के हर सदस्य को अपनी–अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना बहुत जरूरी है। हम चाहते हैं कि हमारे अन्य डीलर बंधु कंपनी द्वारा समय–समय पर दी गयी चुनौतियों को स्वीकारें और हमारी अपेक्षाओं से आगे निकलकर दिखाएं। इसी में हमारी जीत है।

इ स

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ



**श्री मुकेश शर्मा**
मेसर्स शर्मा ट्रेडिंग कंपनी
संधोल, जिला–मंडी (हि.प्र.)
मो.: 9805391401

**श्री बहादुर सिंह सैनी**
मेसर्स तलवार स्टील ट्रेडर्स
सर्कुलर रोड, जीपीओ के निकट
रेवाड़ी (हरियाणा)
मो.: 9416064269
फोन: 01274–253269

**श्री ओम प्रकाश मामू**
मेसर्स गोमती स्टील्स
पीएनबी के निकट
स्टेशन रोड, हिंडन सिटी,
राजस्थान
मो.: 9414364885, 9414828914

Printed at Tara Art Printers Pvt. Ltd., A-46/47, Sector-5, Noida, UP.

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com